श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़-२४९१९९

पत्रांकः–3460/R.O./SDSUV/2024–25 दिनांकः 30 नवम्बर, 2024

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय के पत्रांक–2947/SDSUV/प्रशासन/2024 दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 द्वारा श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल में परीक्षा नियन्त्रक के रिक्त 01 पद को रू0 37,400–67,000 (ग्रेड वेतन रू0 9,000) सातवें वेतनमान में पुनरक्षित 13A को 05 वर्ष की अवधि हेतु नियमित नियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु इच्छुक एवं अर्ह पदधारकों से आवेदन पत्र दिनांक 08 नवम्बर, 2024 तक आमन्त्रित किये गये थे। उक्त विज्ञप्ति को मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त **दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 तक विस्तारित किया जाता है।** विस्तृत सेवा शर्तें/जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट **www.sdsuv.ac.in** पर उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र **कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल–249199 के कार्यालय में दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 सांय 05:00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे,** तत्पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं उन्हें स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

विस्तृत सेवा शर्तें यथावत रहेंगी।

(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।

प्रतिलिपि निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सम्पादक, अमर उजाला समाचार पत्र को इस आशय से कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 01 दिसम्बर, 2024 को 6*4 से0मी0 के आकार में उत्तराखण्ड संस्करण में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा 10 प्रतिशत की छूट देते हुये बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य वित्त अधिकारी।
4. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल।

पत्रांक– 2947/एसडीएसयूवी/प्रशासन/2024 दिनांक– 10 अक्टूबर, 2024

विज्ञप्ति का प्रारूप

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल में परीक्षा नियन्त्रक के रिक्त 01 पद को रू0 37,400–67,000 (ग्रेड वेतन रू0 9,000) सातवें वेतनमान में पुनरक्षित 13A को 05 वर्ष की अवधि हेतु नियमित नियुक्ति के आधार पर भरा जाना है। उक्त पद हेतु निम्नांकित अर्हता रखने वाले पद धारकों से आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं:–

(1)– अनिवार्यः–

शैक्षिकः–उत्तराखण्ड राज्य में किसी राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय/राज्य विश्वविद्यालय में नियमित एवं स्थाई प्राध्यापक जो एसोसियेट प्रोफेसर (सह–आचार्य) से निम्न स्तर का न हो।

(2)– अधिमानी अर्हताः–

(क)– भारत में विधि द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में पी0एच0डी0 किया हो।

(ख)– किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/राज्य सरकार के किसी संस्थान में परीक्षा कार्यों का संचालन करने का कम से कम 08 साल का अनुभव।

(ग)– हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा में पत्राचार व नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग का समुचित ज्ञान तथा कम्प्यूटर कार्य में दक्ष होना चाहिये।

(घ)– विज्ञप्ति तिथि के दिन अधिकतम आयु 57 वर्ष से अधिक न हो।

उक्त अर्हतायें पूर्ण करने वाले पद धारक/आवेदक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन (Curriculum Vitae) सभी संलग्नकों सहित दिनांक 08 नवम्बर, 2024 सांय 05:00 बजे तक पैतृक विभाग की अनापत्ति एवं अग्रसारण सहित आवेदन शुल्क 1000.00 (रू0 एक हजार मात्र) डिमान्ड ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल के नाम तैयार कर कुलसचिव कार्यालय, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, मुख्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा करेगें। उक्त अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।